an>

Title: Need to set up a branch of Sports Authority of India (SAI) at Sidhi Parliamentary Constituency of Madhya Pradesh.

श्रीमती रीती पाठक (सीधी) : अध्यक्ष जी, मैं आपकी आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया।...(व्यवधान)

महोदया, ऊर्जा का उत्पादन करने वाला मेरा संसदीय क्षेत्र सीधी तीन राज्यों को छूता है- झारखण्ड, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़।...(व्यवधान) यह वामपंथ उग्रवाद से भी बहुत ज्यादा प्रभावित है।...(व्यवधान) वहां रहने वाली अनुसूचित जनजातियों एवं अनुसूचित जातियों के नौजवान बेहद प्रतिभाशाली हैं।...(व्यवधान) परन्तु रेलवे लाइन न होने के कारण उन प्रतिभाओं को आज तक अवसर नहीं मिल पाया है।...(व्यवधान) मेरे संसदीय क्षेत्र में एलसीएल, एनटीपीसी जैसी कई और भी कम्पनियां हैं।...(व्यवधान) कई बड़े खेल मैदान भी हैं, लेकिन वहां प्रशिक्षण नहीं दिया जाता है। अतः एसएआई जैसे खेल प्रतिष्ठानों की वहां आवश्यकता है जो हमारे युवाओं को खेल के माध्यम से सही दिशा दे सकें और उन्हें भ्रमित करने से रोक सकें।

इसलिए मैं आपके माध्यम से इस सदन से अनुरोध करती हूं और माननीय खेल व युवा कल्याण मंत्री जी से आग्रह करती हूं कि मेरे संसदीय क्षेत्र में भारतीय खेल प्राधिकरण की शाखा खोलने की कृपा करें।...(व्यवधान)